मंत्रिमंडल ने संघ शासित प्रदशों के उपराज्यपालों के वेतन और भत्तों के संशोधन को स्वीकृति दी

राष्ट्रीय समाचार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संघ शासित प्रदेशों के उप-राज्यपालों के वेतन और भत्तों में संशोधन की स्वीकृति दे दी है।
- इससे उप-राज्यपालों के वेतन और भत्ते भारत सरकार के सचिव के समकक्ष हो जाएंगे।

मंत्रिमंडल ने अवैध प्रवासियों की वापसी पर भारत और ब्रिटेन तथा उत्तरी आयरलैंड के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी

राष्ट्रीय समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अवैध प्रवासियों की वापसी पर भारत और ब्रिटेन तथा उत्तरी आयरलैंड के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दे दी है।
- समझौता ज्ञापन के बाद राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा मुक्त समझौते के साथ ही ब्रिटेन की वीजा व्यवस्था उन लोगों के लिए उदार हो सकेगी, जो कानूनी रूप से ब्रिटेन की यात्रा कर रहे हैं।

मंत्रिमंडल ने भारत और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के बीच मुख्यालय समझौते को स्वीकृति दी

राष्ट्रीय समाचार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के बीच मुख्यालयों (मेजबान देश) में प्रवेश के लिए हुए समझौते और मुख्यालय समझौते पर हस्ताक्षर के लिए विदेश मंत्रालय को अधिकृत करने की मंजूरी पूर्व प्रभाव से दे दी है।
- इस समझौते पर 26 मार्च, 2018 को हस्ताक्षर किए गए थे।
- मुख्यालय समझौते से भारत और आईएसए के बीच कामकाजी प्रबंधों को संस्थागत रूप मिलेगा।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने वास्तविक समय पर जन शिकायतों की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन डैशबोर्ड लांच किया

राष्ट्रीय समाचार

- केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज यहां प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा विकसित किया गया एक ऑनलाइन डैशबोर्ड लांच किया।

● यह डैशबोर्ड वास्तविक समय पर लोक अथवा जन शिकायतों की निगरानी करेगा और समय-समय पर प्रणालीगत सुधारों की प्रगति की समीक्षा करेगा।

● सुव्यवस्थित सुधारों और उनकी निगरानी के उन पैमानों को डैशबोर्ड पर दर्शाया जाता है, जो जन शिकायतों के मसलों से जुड़े होते हैं।

मंत्रिमंडल ने सीआईएल तथा इसकी सहायक कंपनियों को कोल बेड मीथेन की खोज और दोहन की मंजूरी दी

राष्ट्रीय समाचार

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा तेल क्षेत्र अधिनियम, 1948 के अनुच्छेद 12 के अंतर्गत 03.11.2015 को जारी अधिसूचना की धारा 3 (xiii) को संशोधित करते हुए अधिसूचना जारी करने की स्वीकृति दे दी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत दिसंबर, 2018 तक एक करोड़ पक्के ग्रामीण आवासों का निर्माण होगा

राष्ट्रीय समाचार

● माननीय प्रधानमंत्री ने 20 नवम्बर, 2016 को आगरा में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का शुभारंभ किया था।

● इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) की पुनर्संरचना करके पीएमएवाई-जी तैयार किया गया है।

● 2022 तक 'सबसे लिए आवास' लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पीएमएवाई-जी के अंतर्गत 31 मार्च, 2019 तक एक करोड़ तथा 2022 तक 2.95 करोड़ पक्के आवासों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

एमएसडीई ने आईटीआई की मान्यता/ प्रत्यायन रद्द होने संबंधी शिकायतों के परीक्षण के लिए अपीलीय समिति का गठन किया

राष्ट्रीय समाचार

● माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के तहत एमएसडीई ने आईटीआई की मान्यता/ प्रत्यायन रद्द होने संबंधी शिकायतों के परीक्षण के लिए अपीलीय समिति का गठन किया है।

● एनसीवीटी उपसमिति ने एनसीवीटी पोर्टल पर 310 आईटीआई संस्थानों की एक समग्र सूची अपलोड की है जिसमें 'अनुशंसित नहीं' लिखा गया है।

- ये सभी आईआईटी संस्थान तथा अन्य प्रभावित आईआईटी संस्थान 16 अप्रैल, 2018 से पहले अपील दायर कर सकते हैं

राष्ट्रीय समाचार

भारत ने वर्ल्ड एक्सपो-2020 दुबई के साथ अनुबंध हस्ताक्षर किया

- भारत और दुबई वर्ल्ड एक्सपो 2020 ने 10 अप्रैल 2018 को भारत के पेविलियन के संदर्भ में एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये।
- वर्ल्ड एक्सपो 2020 का आयोजन दुबई में होगा।
- यह अनुबंध मनोज के द्विवेदी (वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव) तथा नजीब मुहम्मद अल अली (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, दुबई एक्सपो 2020 ब्यूरो) के मध्य किये गये।

राष्ट्रीय समाचार

प्रधानमंत्री मोदी ने मोतिहारी में "सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह" का आहवान किया

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 अप्रैल 2018 को बिहार के मोतिहारी में स्वच्छाग्रहियों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया।
- चंपारण सत्याग्रह के शताब्दी समारोह के एक हिस्से के रूप में बैठक का आयोजन किया गया था।
- उन्होंने देश के चार लाख स्वच्छाग्रहियों को संबोधित किया।
- कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए तकरीबन 20,000 स्वच्छाग्रही उपस्थित थे।

राष्ट्रीय समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे शक्तिशाली इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव इंजन का शुभारंभ किया

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 अप्रैल 2018 को बिहार के मधेपुरा की रेल इंजन फैक्ट्री में बने देश के सबसे शक्तिशाली इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव इंजन (12,000 एचपी) का शुभारंभ किया है।
- इसके साथ ही भारत अब रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी के साथ उन देशों की सूची में शामिल हो गया, जिनके पास इस क्षमता का रेल इंजन है।
- इस परियोजना को तैयार करने में कुल 1300 करोड़ रुपये की लागत आई है।
- अभी तक भारत के पास 6,000 एचपी का ही इंजन था।

राष्ट्रीय समाचार

अमेरिका में ऑरेगोन की गवर्नर ने नेट न्यूट्रैलिटी बिल पर हस्ताक्षर किये

- अमेरिका स्थित ऑरेगोन राज्य की गवर्नर केट ब्राउन ने 09 अप्रैल 2018 को नेट न्यूट्रैलिटी बिल पर हस्ताक्षर किये।
- इसमें अधिक पैसे देकर अपने इन्टरनेट की स्पीड बढ़वाना गैरकानूनी है।

● नया कानून राज्य की सार्वजनिक एजेंसियों के लिए उन इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के साथ काम करना गैरकानूनी बनाता है जो भेदभावपूर्ण गतिविधियों में भाग लेते हैं जैसे कि भुगतान की प्राथमिकता और ऑनलाइन कानूनी सामग्री को अवरुद्ध करना, या कंपनियों के लिए "फास्ट लेन" बनाना।

राष्ट्रीय समाचार

प्रोजेक्ट धूप

● भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एनसीईआरटी, एनडीएमसी, उत्तरी एमसीडी और क्वालिटी लि. के साथ मिलकर स्कूलों में 'प्रोजेक्ट धूप' की शुरुआत की है।

● इसके तहत स्कूलों में सुबह की असेम्बली को 11:00 बजे से 1:00 बजे करने का आग्रह करते हुए 'प्रोजेक्ट धूप' की शुरुआत की गई है।

● एफएसएसएआई द्वारा कराये गये अध्ययन में पता चला है कि भारत के 90 प्रतिशत स्कूली बच्चों में विटामिन डी की कमी है तथा उनकी हड्डियाँ सामान्य की अपेक्षा कमजोर हैं।

प्रतिरक्षा

प्रधानमंत्री 12 अप्रैल को चेन्नई में डिफेंस एक्सपो 2018 का उद्घाटन करेंगे

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 12 अप्रैल को तमिलनाडु का दौरा करेंगे।

● प्रधानमंत्री कांचीपुरम जिला स्थित तिरुविदंथल में डिफेंस एक्सपो के 10वें संस्करण डिफेंस एक्सपो- 2018 का उद्घाटन करेंगे।

● इस वर्ष डिफेंस एक्सपो की थीम 'भारत-उभरता रक्षा विनिर्माण हब' है।

● इस दौरान रक्षा प्रणालियों और इनके कलपुर्जों के निर्यात में भारत की क्षमता को दर्शाया जाएगा।

वैश्विक खबर

महाराष्ट्र में रत्नागिरी मेगा रिफाइनरी के लिए भारतीय कंसोर्टियम और सऊदी अरामको ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

● आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल वाले एक भारतीय कंसोर्टियम और सऊदी अरामको ने आज यहां एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

● महाराष्ट्र राज्य में एक एकीकृत रिफाइनरी एवं पेट्रोरसायन कॉम्प्लेक्स रत्नागिरी रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड

(आरआरपीसीएल) को संयुक्त रूप से विकसित एवं निर्मित करने के उद्देश्य से इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

बान की-मून को बाओ फोरम का अध्यक्ष चुना गया

वैश्विक खबर

- संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बान की-मून को 09 अप्रैल 2018 को बाओ फोरम फॉर एशिया का अध्यक्ष चुना गया।
- बान की-मून जापान के यासुओ फुकुदा का स्थान लेंगे।
- पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के पूर्व गर्वनर झाउ शिओचुअन को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- दोनों नियुक्तियां बाओ फोरम की ओर से आयोजित सम्मेलन के दूसरे सत्र के दौरान हुई हैं।
- यह फोरम वर्तमान में चीन के हैनान प्रांत में चल रहा है।

नोबेल पुरस्कार विजेता जर्मन भौतिकविद पीटर ग्रुएनबर्ग का निधन

श्रद्धांजली

- नोबेल पुरस्कार विजेता जर्मन भौतिकविद पीटर ग्रुएनबर्ग का अप्रैल 2018 में निधन हो गया।
- वे 78 वर्ष के थे।
- पीटर ग्रुएनबर्ग ने डिजिटल डेटा स्टोरेज के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने का काम किया था।
- पीटर ग्रुएनबर्ग का जन्म 18 मई 1939 को हुआ था।